नई दिल्ली, में 40 गोल्फ लिंक, नई दिल्ली, के निवासी श्री अनूप ढींडसा का स्टैण्डर्ड रेस्तरां के एक वेटर श्री मोती लाल के साथ झगड़ा हो गया था। ऐसा बतलाया गया है कि उसने मोती लाल को फर्श पर गिरा दिया। श्री मोती लाल को इससे गम्भीर चोटें आई और दिनांक 27-7-1970 को नई दिल्ली के एक नर्सिंग होम में 4 बजे प्रातः उसकी मृत्यु हो गई।

(ख) और (ग). श्री अनूप ढींडसा के विरुद्ध पुलिस स्टेशन, चाणक्य पुरी, में भारतीय दण्ड संहिता की धारा 302 के अधीन एक मामला दर्ज कर लिया गया है। सरकार इस मामले को केन्द्रीय जांच ब्यूरो को सौंपना आवश्यक नहीं समझती।

साम्प्रदायिकता के आधार पर चल रहे कालेजों तथा विश्वविद्यालयों को आर्थिक सहायता

2975. **श्री ओम प्रकाश त्यागी :** क्या शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) केन्द्रीय सरकार से सहायता प्राप्त ऐसे कालेज और विश्वविद्यालय कौन से हैं तथा कहां हैं जहां जाति तथा धर्म के आधार पर विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाता है और अध्यापकों को नियुक्त जाता है ;

(ख) क्या ऐसे कालेजों तथा विश्वविद्यालयों को सहायता देना सरकार की धर्मनिरपेक्ष नीति के विरुद्ध नहीं है ;

(ग) यदि हां, तो क्या सरकार का विचार ऐसे संस्थानों को सहायता देना बन्द करने का है जब तक कि वे अपने साम्प्रदायिक ढग में परिवर्तन न करें ; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

शिक्षा तथा युवक सेवा मन्त्री (डा० वी० के० आर० वी० राव) : (क) सरकार को किसी ऐसे केन्द्रीय सहायता प्राप्त विश्वविद्यालय अथवा कालेज की जानकारी नहीं है जहां के नियमों में जाति और धर्म के आधार पर छात्रों के दाखले और अध्यापकों की नियुक्ति की व्यवस्था है।

(ख) से (घ). प्रश्न नहीं उठता।

आसाम में घुसपैठ करने वाले पूर्व पाकिस्तान के मुसलमान

2976. **श्री महन्त अवैद्य नाथ :** क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि पूर्व पाकिस्तान के बहुत से मुसलमान आसाम के क्षेत्र में घुसपैठ कर रहे हैं ;

(ख) क्या यह भी सच है कि उस क्षेत्र के कुछ प्रमुख राजनीतिज्ञ उनकी सहायता कर रहे हैं ;

(ग) यदि हां, तो इस घुसपैठ को रोकने के लिए सरकार क्या कार्यवाही कर रही है ; और

(घ) गत दो वर्षों में भारतीय प्रवेश में घुस-पैठ करने वाले ऐसे मुसलमानों की संख्या कितनी है ?

गृह-कार्य मन्त्रालय में राज्य मंत्री (श्री राम निवास मिर्धा): (क) से (घ). सूचना एकत्रित की जा रही है और सदन के सभा पटल पर रख दी जायगी।

दिल्ली में अध्यापकों तथा विद्यार्थियों द्वारा हिप्पियों जैसी वेषभूषा पहनने पर प्रतिबन्ध

2977. **श्री निहाल सिंह :** क्या शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि राजधानी के स्कूल तथा कालेजों में अधिकतर अध्यापकों तथा विद्यार्थियों को हिप्पियों जैसी वेष भूषा पहने हुए देखा जाता है ;